हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री


12 जिला पंचायत की नवनियुक्त सीईओ से जनपद...





12 वार्ड क्रमांक 12 की नाली निकासी समस्या...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करे

फायर सेफ्टी के कोर्स



1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते है, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम जंगलबेड़ा में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी सुपरवाइजर के साथ मारपीट किए जाने की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जंगलबेड़ा स्थिति जोगेवार कंस्टक्शन कंपनी में सुपरवाइजर लोमश साहू पिता हेमंत साहू (21 वर्ष) के जंगलबेड़ा के किशोर मेहर एवं टेकचंद चौधरी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2),3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### खेतों से मोटर पंप चोरी, किसानों ने आरोपियों को पकड़ा

**महासमुंद।** ग्राम चिरको में खेतों से मोटर पंप चोरी के मामले में पांच आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चिरको के पुनीत पटेल पिता बुटू पटेल ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह भूपेश बांधे पिता जागेश्वर कुमार बांधे निवासी कमल विहार रायपुर के जमीन को रेगहा लेकर खेती करता है। खेत में भूमि स्वामी के द्वारा सबमर्सिबल पंप लगाकर दिया गया है, जिसको 07-08 अप्रैल को किसी ने चोरी कर लिया। जिसकी तलाश करने के दौरान पता चला कि गांव के हिरामन निषाद व लोकेश ध्रुव पूर्व में गांव में चोरी करते पकड़े गए थे, जिसने सार्वजनिक मीटिंग रखकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान हिरामन निषाद व लोकेश ध्रुव ने गांव के दूधेश्वर पटेल, राजेश ध्रुव व युवराज ध्रुव के साथ मिलकर चोरी करना बताया। संदेहियों ने पुनीत पटेल के रेगहा खेत से 2 एचपी सबमर्सिबल पंप एवं केबल वायर को गांव के सुखराम पटेल के पास 3000 रुपए में एवं एक वर्ष पूर्व पुनीत पटेल के बांधा खार के रेगहा जमीन से चोरी किये जगुवार कंपनी के 2 एचपी सबमर्सिबल पंप को 2000 रुपए में सुखराम पटेल के पास ही बेचना बताया तथा वहीं पड़ोस के गांव सलिहाभांठा के यादराम साहू पिता हिरालाल साहू के बाहरा नार के खेत से 03 एचपी सबमर्सिबल पंप को चोरी करके गांव के भरत पटेल के पास 3500 रुपए में बेचना बताया। मामले की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# टाइमिंग को लेकर कई ट्रेनें बेपटरी, यात्री हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विशाखापट्टनम-रायपुर रुट पर इन दिनों गाड़ियों टाइमिंग को लेकर बेपटरी होती जा रही हैं। इससे यात्री परेशान है। गाड़ियों के विलंब से चलने में प्रमुख रूप से इंटरसिटी एक्सप्रेस, समता सुपरफास्ट के अलावा पैसेंजर आदि हैं। इन ट्रेनों को अपने निर्धारित समय में चलाने रेल प्रशासन का बिल्कुल ध्यान नहीं है। विलंब से चने वाली गाड़ियों के संबंध में पूछे जाने पर सुरक्षा का काम जारी होने का जवाब मिलता है।

बता दें कि पहले पुरी-दुर्ग इंटरसिटी एक्सप्रेस को लंबे समय में 1 से 2 घंटे प्रतिदिन विलंब से चल रही थी, लेकिन पखवाड़े भर से यह ट्रेन क्रमशः 5 से 9 घंटे देरी से चल रही है। यानी जो सुबह आने वाली गाड़ी कभी दोपहर को तो कभी रात को पहुंच रही। इसलिए यात्रियों को काफी कठिनाई हो रही। उन यात्रियों को सर्वाधिक परेशानी हुई जो दूसरी ट्रेन में आरक्षण के लिए जाने वाले होते थे देरी से ट्रेन चलने से के कारण ऐसे यात्रियों का आरक्षण तो जाता है उनका रिजर्वेशन टिकट भी अनुपयोगी हो जाता है वहीं उन्हें गंतव्य तक जाने के लिए परेशानी हो जाती है।



इसी कड़ी में जूनागढ रायपुर पुशपुल लोकल पैसेंजर एवं विशाखापट्टनम रायपुर पैसेंजर का परिचालन भी समय पर नहीं हो रहा। यह ट्रेनें भी अपने नियत समय से दो-तीन घंटे देर चल रही हैं। परिणाम स्वरुप यात्रियों में तीव्र आक्रोश है। रविवार को भी इंटरसिटी दुर्ग एक्सप्रेस सुबह 8:00 बजे पहुंचने वाली शाम 4:00 बजे पहुंची। यात्रियों ने रेल प्रशासन का ध्यानकर्षण कराते हुए निर्धारित समय में ट्रेन का संचालन करने की मांग की है।

### यह ट्रेन भी चल रही देरी से

बता दें कि बरहमपुर से उधना जाने वाली अमृतसर एवं विशाखापट्टनम से दुर्ग आने वाली वंदे भारत यह दोनों ट्रेन कभी अपने समय पर नहीं पहुंचती। बता दें कि यह दोनों ट्रेन तेज गति वाली ट्रेन है जिसका टाइमिंग कभी भी नियत समय में नहीं रहता है। उल्लेखनीय है कि इस रूट में करीब 15 से 17 ट्रेन दोनों दिशा से आती जाती हैं जिसमें पुशपुल पैसेंजर, पुरी-दुर्ग इंटरसिटी (दोनों प्रतिदिन) क्षेत्र में यात्री इसमें सर्वाधिक सफर करते हैं पर नियत समय पर नहीं चलने से यात्रियों में नाराजगी है। यह भी बता दें कि कांटाबांजी से लेकर महासमुंद के मध्य जितने भी रेलवे स्टेशन है इसमें दैनिक यात्रियों की संख्या सर्वाधिक है इनमें कोई नौकरी पेशा के अलावा प्राइवेट सेक्टर में कार्य करने तो कई व्यवसाय करने आना-जाना करते हैं, इन ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते यात्रियों को मोह भंग हो रहा है। अब द्रुत गति की दो ट्रेनों की बात करें बरहमपुर से उधना, सूरत- अमृतसर भारत सुपरफास्ट एवं विशाखापट्टनम से दुर्ग जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस भी अपने टाइमिंग पर नहीं चल रही है। मसलन शनिवार को भी विशाखापत्तनम-दुर्ग वंदे भारत अपने निर्धारित समय से करीब 2 घंटे देर से महासमुंद स्टेशन पहुंची। वहीं इंटरसिटी एक्सप्रेस पुरी-दुर्ग काफी दिनों से दोपहर बाद पहुंच रही है। इसी तरह दुर्ग यह ट्रेन वापसी में रात में 5-6 घंटे विलंब से यहां से गुजरी। जब वंदे भारत व अमृत भारत जैसी ट्रेनें विलंब से चल रही है तो दो बाकी ट्रेनों की क्या स्थिति हो सकती है अंदाजा लगाया जा सकता है।

**समस्या:** सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा

# खानापूर्ति से नहीं सुधरी सड़क, झलप-बागबाहरा मार्ग पर हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बारिश में बढ़ा खतरा, स्कूली बच्चे और राहगीर रोज जोखिम उठाने को मजबूर

जिले के झलप से बागबाहरा को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग पिछले करीब दो वर्षों से बदहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे अब राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। विशेषकर झलप दुग्ध समिति, छिलपावन पेट्रोल पंप तथा ग्राम पचरी के पास सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है, जहां बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है।



स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, कर्मचारी, किसान और ग्रामीण आवागमन करते हैं। गड्ढों में पानी भरे होने के कारण उनकी गहराई का अनुमान नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलकर घायल हो रहे हैं। कई चारपहिया वाहन भी गड्ढों में फंस रहे हैं, जिससे वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि झलप-बागबाहरा मार्ग की तत्काल व्यापक मरम्मत कराई जाए, खतरनाक गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले लोगों को राहत मिल सके।

### गड्ढों में गिट्टी डालकर केवल खानापूर्ति

मिली जानकारी के अनुसार सड़क की यह स्थिति पिछले दो से तीन वर्षों से बनी हुई है। कई बार समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित होने के बावजूद समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। आरोप है कि बारिश से पहले संबंधित विभाग केवल गड्ढों में थोड़ी-बहुत गिट्टी डालकर औपचारिक मरम्मत कर देता है। लेकिन, पहली ही बारिश में सड़क फिर पहले जैसी बदहाल हो जाती है।

### अधिकारी और जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं!

स्थानीय लोगों ने बताया कि छिलपावन क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर लंबे समय तक पानी जमा रहता है। इससे सड़क लगातार क्षतिग्रस्त होती जा रही है और गड्ढे दिन-ब-दिन बड़े होते जा रहे हैं। कई स्थानों पर गड्ढे अब छोटे-छोटे गड्ढों के बजाय कुएं जैसी गहराई का रूप ले चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों का इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं है। लोगों का आरोप है कि वर्षों से केवल आश्वासन मिल रहे हैं, जबकि सड़क की मरम्मत और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है।

# दो लाख का गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और जिले की पुलिस ने गांजा की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो लाख रुपए कीमत का चार किला गांजा बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिस पर जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी दरमियान मुखबीर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अपने बैग में गांजा लेकर पैदल ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। इस सूचना के बाद सिंघोड़ा पुलिस ने एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल चेक पोस्ट पर घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम शेख नईम पिता स्व. शेख सलीम (30 साल) हबीब नगर अमरावती थाना खोलापुरी गेट जिला अमरावती (महाराष्ट्र) का निवासी होना बताया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें चार किलोग्राम गांजा कीमत 2,00,000 रुपये एवं एक मोबाईल कीमती 5,000 रुपए कुल कीमत 2,05,000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी)ii(बी), एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना सिंघोडा में अपराध कायम किया गया।

आरटीई के तहत प्रवेश लेने वालों की संख्या घट रही

# दो बार प्रक्रिया के बावजूद खाली रह गई 80 सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आरटीई के तहत गरीब और जरुरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में प्रवेश लेने की प्रक्रिया के दो चरण पूरे हो चुके हैं। लेकिन, इस प्रक्रिया के बावजूद निजी स्कूलों की आरटीई के तहत 80 सीटें खाली रह गई हैं। अब इन खाली सीटों को भरे जाने के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।





उल्लेखनीय हैकि आरटीई के तहत जिले में पहले चरण में 821 बच्चों ने आवेदन किया था। इनमें से 334 सीटों के लिए चयन हुआ। लेकिन, सभी सीटें नहीं भर पाईं। पहले चरण में 226 बच्चों ने ही स्कूलों में प्रवेश लिया। चयन सूची में शामिल 244 बच्चों में से 18 विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया, जिससे सीटें रिक्त रह गईं। इसके बाद खाली सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया आयोजित की गई। दूसरे चरण में केवल 23 बच्चों का ही चयन हुआ है। इसके बाद भी करीब 80 सीटें खाली हैं। अब इन सीटों पर प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। पिछले कुछ वर्षों में सामान्य तौर पर दो चरणों में ही प्रक्रिया पूरी कर ली जाती थी, लेकिन इस बार तीसरे चरण तक जाना पड़ रहा है। आरटीई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि दूसरे चरण में 23 बच्चों का चयन हुआ है। रिक्त सीटों को देखते हुए तीसरे चरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### दूरी से भी प्रवेश प्रभावित

आरटीई में सीटें खाली रहने के पीछे स्कूल की दूरी भी एक बड़ी वजह बन रही है। कई बार बच्चों का चयन ऐसे विद्यालय में हो जाता है, जो घर से काफी दूर होता है। आने-जाने की परेशानी के कारण अभिभावक प्रवेश लेने से पीछे हट जाते हैं। इसके अलावा अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को लेकर अभिभावकों में अधिक रुचि रही है।

### तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया 22 से

आरटीई के तीसरे चरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया 22 जुलाई से शुरू होगी। अभिभावक 5 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस दौरान पहले किए गए आवेदनों में संशोधन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 7 अगस्त तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 10 से 14 अगस्त के बीच ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन होगा। चयनित विद्यार्थियों को 17 से 25 अगस्त तक संबंधित निजी स्कूलों में प्रवेश लेना होगा।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत छात्राओं की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास महासमुंद की छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में एपीएम धर्मेन्द्र भारद्वाज, डॉ. जीसी दीवान, स्टाफ नर्स मनीषा साहू, फार्मासिस्ट पवन साहू, लैब टेक्नीशियन प्रमिला राणा तथा रामेश्वर प्रजापति ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर के दौरान छात्राओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप (बीपी), रक्त शर्करा (शुगर) एवं खून की जाँच की गई। साथ ही सामान्य मौसमी बीमारियों की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी भी दी गई।



चिकित्सकीय दल ने छात्राओं को स्वच्छता, नियमित व्यायाम तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षिका रीतु चंद्राकर उपस्थित रहीं। उन्होंने मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकीय दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं समय पर रोगों की पहचान में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

# जलभराव रोकने निगम की कार्रवाई, मोवा ओवरब्रिज के नीचे तोड़े अवैध पाटे

*नगर निगम ने जलभराव रोकने शनिवार को कार्रवाई की है। मोवा ओवरब्रिज के नीचे नाले पर बनाए गए आधा दर्जन अवैध पाटों को जेसीबी मशीन और ड्रिल मशीन लगाकर तोड़ा गया। यह कार्रवाई नगर निगम जोन 3 कमिश्नरी ने होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों को नाले पर बनाए गए अवैध पाटे को तत्काल स्वतः हटाने के नोटिस की अनदेखी के बाद की है। एक दिन पूर्व ही राजधानी के काशीराम नगर में नगर निवेश विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 घरों के सामने बनाए गए अवैध कब्जों को तोड़कर नाले की सफाई में आ रही बाधा को दूर किया था। हाल ही में हुई बारिश से जलभराव की स्थिति और इससे आम जनता को होने वाली परेशानी को देखते हुए निगम प्रशासन नाले-नालियों के ऊपर अवैध अतिक्रमण और पाटों को तोड़ने अभियान चला रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दरअसल, नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के कालीमाता वार्ड स्थित लोधीपाराा चौक में मंडी गेट से अवंतिबाई चौक तक जलभराव की समस्या रही। इसका एक प्रमुख कारण लोधीपारा चौक में मोवा ओवरब्रिज के नीचे नाले पर बनाए गए अवैध पाटे को माना जा रहा है। इसके लिए जोन 3 कमिश्नरी ने होंडा शो रूम सहित अन्य संस्थानों को नाले पर बनाए गए अवैध पाटों को स्वतः तत्काल हटाने नोटिस दी। नहीं हटाने पर शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जोन 3 की टीम ने जेसीबी और ड्रिल मशीन लगाकर आधा दर्जन अवैध पाटे को तोड़कर नाले की सफाई सुनिश्चित कराई।

दरअसल, मोवा ओवरब्रिज के नीचे लोधीपारा चौक के समीप होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों द्वारा अपने व्यवसायिक संस्थानों के सामने नाले पर कब्जा जमाकर बड़े आकार के अवैध पाटे बना दिए, इससे नाला सफाई में परेशानी आ रही थी। आसपास के लोगों ने इसकी शिकायत जोन 3 कमिश्नरी सहित निगम मुख्यालय में भी की। जन शिकायत के बाद जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में जोन के नगर निवेश टीम ने अवैध पाटा को तुड़वाकर नाला सफाई में आ रही बाधा दूर की।

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के पास ड्रिल मशीन नहीं होने से अवैध पक्के पाटों को तोड़ने किराए के ड्रिल मशीन लगाकर पाटे को तोड़ना पड़ा। तोड़फोड़ के लिए निगम के पास ड्रिल मशीन की आवश्कता है, जिस ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। तोड़फोड का यह अभियान कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक, सहायक अभियंता नरेश कुमार साहू उप अभियंता पूनम साहू की उपस्थिति में चलाया गया।




**» होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों ने नाले पर बनाए अवैध पाटे, पाटों को हटाने निगम ने दिया था नोटिस**

**» मंडी रोड मुख्य मार्ग-अवंतिबाई चौक पर जलभराव से हो रही थी परेशानी**

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त, एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने ग्राम दर्राभाठा में एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी श्रवण कुमार निषाद पिता रतिलाल निषाद (50 वर्ष) जलपुर थाना सरायपाली के कब्जे से 4.5 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमत 900 रुपएको बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सीएम से स्मार्ट मीटर पर त्वरित संज्ञान का आग्रह इदरीस ने लिखा पत्र

**रायपुर।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि की शिकायतों को लेकर छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मामले में त्वरित संज्ञान लेने का आग्रह किया है।



उन्होंने पत्र में कहा, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि मासिक बिल अब कई गुना बढ़ गया है, जिससे उनके घरेलू बजट पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कम खपत के बावजूद अधिक बिल आने की शिकायतों से उपभोक्ताओं में चिंता और असंतोष का माहौल बन रहा है।

### छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का मुखी संवाद कार्यक्रम 26 को



**रायपुर।** छग पूज्य सिंधी पंचायत प्रदेश स्तरीय मुखी संवाद कार्यक्रम का आयोजन 26 जुलाई बैंक्वेट हॉल जोरा में होगा, जिसमें प्रदेश से लगभग 120 पंचायतों के मुखी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। इस दौरान समाज की एकता, उन्नति के लिए सुझाव, विचार पर चर्चा की जाएगी। साथ ही नए संविधान पर भी विचार-विमर्श कर उसे अमल में लाया जाएगा। शनिवार की समाज में रिश्तों में तकलीफ, रिश्तों में टूट, रिश्तों में भरोसे की कमी पर गंभीरता से विचार कर पंचायतों के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इसी के तहत रायपुर शहर की समस्त पंचायतों की एक बैठक कर 26 जुलाई के मुखी संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी को कार्यभार सौंपा गया। बैठक में रायपुर की समस्त पंचायतों ने एक सुर में समाज की एकता को मजबूत करने की बात कही एवं एक संगठन की बात पर विश्वास जताया। यह आयोजन की जानकारी संस्था के सह प्रवक्ता गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि बैठक में बाबा मुरलीधर उदासी, प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, अमित चिमनानी, अमर पारवानी, राज विक्रम, गिरीश लहेजा, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, अच्चूमल गावरी, अर्जुन दास ओछवानी, रमेश मिर्घानी, जीवत बजाज, तनेश आहूजा, जोधाराम वाधवाणी, प्रकाश रहेजा, मुरलीधर केवलानी, हरनाम तलरेजा, गुरनामाल रोहरा, सतराम दास बजाज, नरसा लालवानी आदि शामिल रहे।

### सालेम स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह




**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनकर दर्शक झूम उठे। इसके बाद वेलकम डांस छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। साथ ही छग डायोसिस के पदाधिकारियों का पौधे देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवीन मसीह, सुषमा कुमार, बिशप डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ एव चेयरमैन सीडीबीई तथा रेव्ह. सुबोध कुमार, नितिन लॉरेंस, जयदीप रॉबिन्सन, रुचि धर्मराज, वरिष्ठ पत्रकार जॉन राजेश पॉल, पूर्व विद्यार्थी अतुल सिंघानिया, महिमा पॉल, शालोम बनशियार, रूपिका लॉरेंस आदि शामिल थे।

# प्रदेश की प्रगति व विकास देखकर कांग्रेसियों की बढ़ रही बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिटियाझर सोसायटी के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रदेश की जनता देख रही है कि किस प्रकार कांग्रेस के नेता बौखलाकर भाजपा सरकार पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। साहू ने कहा कि कांग्रेस को अपने पांच साल के कार्यकाल को भी याद करना चाहिए। उस समय प्रदेश भ्रष्टाचार की दलदल में धंसा हुआ था। भूपेश बघेल सरकार के दौरान शराब घोटाला, कोयला लेवी घोटाला, गोबर घोटाला और सट्टा घोटाला जैसे गंभीर मामले सामने आए। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की जांच में स्पष्ट हुआ है कि वर्ष 2019 से 2022 के बीच शराब बिक्री व्यवस्था में लगभग 3200 करोड़ रुपए का अवैध लेनदेन हुआ। इसी कड़ी में ईओडब्ल्यू ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया है, जो कोल लेवी मामले में भी रिमांड पर रह चुके हैं। जिसमें लगभग 540 करोड़ रुपए की अवैध वसूली का आरोप है। जांच एजेंसी को एक कारोबारी की डायरी से कांग्रेस भवन के नाम पर करोड़ों रुपये की एंट्री भी मिली है। कस्टम मिलिंग प्रकरण में 127 करोड़ रुपए की अनियमितता के आरोप भी इसी सरकार से जुड़े हैं। इसी बीच राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और एंटी करप्शन ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम में हुए 172 करोड़ रुपए के ओवरटाइम घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच कर्मचारियों के ओवरटाइम, चार अतिरिक्त दिवस, बोनस और सर्विस चार्ज के नाम पर मैन पावर एजेंसियों को अवैध भुगतान कर उसका बड़ा हिस्सा नकद कमीशन के रूप में लेने का आरोप है। इस मामले में निगम के तत्कालीन प्रबंध संचालक अरुणपति त्रिपाठी को 17 जुलाई को गिरफ्तार कर 20 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 29 नवंबर 2023 को 28.80 लाख रुपए नकद जब्ती के बाद यह प्रकरण सामने आया था और अब तक 12 आरोपी चार्जशीट किए जा चुके हैं।





## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मनाई खूबचंद बघेल की जयंती

**महासमुंद।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई महासमुंद द्वारा कुर्मी समाज के पुरोधा, छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्नदृष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ खूबचंद बघेल की जयंती मनाई गई। नयापारा स्थित डॉ खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन में छायाचित्र पर माल्यार्पण कर गुलाल लगाकर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने बघेल की जीवनी पर प्रकाश डालकर उनके सामाजिक कार्यों को स्मरण किया। 126 वीं जन्मजयंती पर नगर इकाई महासमुंद के पूर्व अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने डॉ खूबचंद बघेल के बाल्यावस्था से लेकर उनके स्वतंत्रता संग्राम में किए गए योगदान की याद दिलाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भवन में डॉ खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन में पौधरोपण किया गया। समारोह में महिला अध्यक्ष पानू वर्मा, कोषाध्यक्ष नीरज वर्मा, रामदयाल वर्मा, किरण वर्मा, सरला वर्मा, कमला वर्मा, मंजू वर्मा, संरक्षक डीपी वर्मा, उपेंद्र बाघमार, भगवती वर्मा, भुवन वर्मा, मोती वर्मा, राजेंद्र वर्मा, उमेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय उपस्थित हुए।

## घर-घर पहुंचाया जा रहा स्मार्ट मीटर बदलने का आवेदन

# कांग्रेस का स्मार्ट मीटर बदलो अभियान प्रारंभ, उपभोक्ताओं से भरवाए फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती शिकायतों और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अत्यधिक बिजली बिल की समस्या को लेकर जन अभियान की शुरुआत की गई। शनिवार को बरसते पानी में यह अभियान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड स्थित लाखेनगर चौक बिजली कार्यालय के सामने से प्रारंभ किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर बदलने एवं बिजली बिलों की जांच की मांग से संबंधित आवेदन पत्र वितरित किए तथा उपभोक्ताओं से आवेदन भरकर बिजली विभाग में जमा करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने अभियान का समर्थन किया। अभियान के दौरान बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। अनेक उपभोक्ता स्वयं आगे बढ़कर आवेदन पत्र लेने पहुंचे और बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गए हैं।



### ये थे मौजूद

आज के कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, आकाश शर्मा, सुशांत डे, बंशी कन्नौजे, सुयश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, राज देवांगन, विनोद ठाकुर, सुधा सरोज, मुन्ना मिश्रा, देवकुमार साहू, दीपक चौबे, संदीप शर्मा, प्रतीक तिवारी, ऋषि देवांगन, प्रीति सोनी, मुकेश कुकरेजा, वेंकट कुमार, सुरेशजैन, मोहसिन ख़ान, ओमप्रकाश देवांगन, दिमेन्द्र डीप, अमित शर्मा, प्रणव चौबे सहित कांग्रेसियों के साथ दर्जनों नागरिक उपस्थित थे।

### बिरगांव में भी भरवाए आवेदन

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा आम जनता के हित में स्मार्ट मीटर हटाओ–जन आवेदन अभियान की शुरुआत बिरगांव ब्लॉक से की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर आम नागरिकों से स्मार्ट मीटर हटाने के लिए आवेदन भरवाएंगे तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में जमा करेंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा जनता पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कांग्रेस के पास लगातार आ रही शिकायतें : मेनन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लगातार लोग कांग्रेस के पास अपनी शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। हमारा उद्देश्य जनता की आवाज को संगठित कर बिजली विभाग तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच हो और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। बीजेपी सरकार महतारी वंदन में 1 हजार देकर बिजली बढ़े बिल, ट्रैफिक चालान, टैक्स वृद्धि और महँगाई के माध्यम से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाकर लूट रही है।

### सभी वार्ड में चलेगा अभियान, 2 हजार आवेदन वितरित : उपाध्याय

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि अभियान के पहले ही दिन 2,000 से अधिक आवेदन पत्र वितरित किए गए हैं। जो इस बात की सूचक है की लोग स्मार्ट मीटर से परेशान हैं, इसलिए उनका अभूतपूर्व समर्थन मिला है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, अब यह अभियान रायपुर शहर के सभी 70 वार्डों में चलाया जाएगा। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता घर घर जाकर आवेदन भरवाएगा और जनता के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगा।

## सिंचाई विभाग के निविदा प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता सहित 3 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने सिंचाई विभाग के निविदा प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता केएस गुरुवर, कार्यपालन अभियंता अरविंद कुमार कोशले, वित्त नियंत्रक रूद्र प्रताप सिंह चौहान और वरिष्ठ लेखाधिकारी बालेंद शेखर मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह आदेश विभाग के उप सचिव की ओर से जारी किया गया है।

बताया गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा लोअर डोडकी डायवर्जन स्कीम की नहर की मरम्मत एवं लाइनिंग कार्य एमएस आर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी को तकनीकी रूप से अर्ह घोषित कर 18 मार्च को खोले गए वित्तीय बिड की कार्यवाही को मनमानी, असंगत एवं अनुच्छेद 14 के विपरीत पाया गया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को एक लाख रुपये का मुआवजा भुगतान करने आदेशित किया है।

**5 दिन में मांगा जवाब**

कोर्ट की सख्ती के बाद राज्य शासन ने नोटिस जारी कर कहा है कि इस स्थिति में प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि निविदा प्रकोष्ठ द्वारा तथ्यों की अनदेखी कर, पदीय दायित्वों एवं नियमों के विपरीत लापरवाही पूर्वक कार्यवाही की गयी है। अतः आप इस कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति के 5

## राज्य में समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने बनी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने एवं इसके प्रारूप का मसौदा तैयार करने के लिए शासन ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई करेंगी, वहीं समिति में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शत्रुघन सिंह, एमके राऊत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य ज्योति रानी सिंह को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। वर्तमान विधिक स्थिति का अध्ययन करने के साथ सुझाव देगी समिति , राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के संबंध में वर्तमान विधिक स्थिति का अध्ययन करेगी। इसके साथ ही विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण सहित संबंधित विषयों पर समान नागरिक संहिता के लिए सुझाव प्रस्तुत करेगी। समिति नागरिकों, सामाजिक संगठनों, विधि विशेषज्ञों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव प्राप्त कर उनका अध्ययन करेगी।

# केके रोड मौदहापारा अब कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग

## विधायक सुनील सोनी ने नामपट्टिका लगाकर किया अनावरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केके रोड मौदहापारा जयस्तम्भ चौक से फाफाडीह चौक तक का मार्ग अब कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग के नाम से जाना जाएगा। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शनिवार को इस मार्ग की नामपट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकांत राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा के परिवारजनों द्वारा विगत दिनों उनके ब्राम्हणपारा वार्ड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान उन्हें इस ओर ध्यान आकृष्ट करवाया और मार्ग के नामकरण पट्टिका लगवाने का अनुरोध किया। इस पर श्री सोनी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ से चर्चा कर उन्हें केके रोड मौदहापारा में कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग की नाम पट्टिका तत्काल बनवाकर लगवाने का सुझाव दिया।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी के सुझाव पर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने जोन 2 के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर जोन 2 के माध्यम से कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग नामकरण पट्टिका बनवाई। इसके बाद रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नामकरण पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकान्त राठौड़, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू सहित सामाजिक कार्यकर्त्ता कृष्ण कुमार अवधिया, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नीतू शर्मा, सामाजिक कार्यकर्त्ता आकाश पाण्डेय, चांदनी देवांगन एवं जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे,स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा के भतीजे अशोक शर्मा सहित उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# चलते ई-रिक्शा से धक्का देकर गिराया, मोबाइल-नकदी लूटकर भागे

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन से मौदहापारा जाने ई-रिक्शा में सवार एक युवक को ई-रिक्शा चालक तथा उसके साथी ने गाड़ी से धक्का देकर लूट का शिकार बनाया। घटना 16 जुलाई की देर रात तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। कम्प्यूटर सेल सर्विस में काम करने वाले नंद कुमार कुर्रे ने तेलीबांधा थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि वह 16 जुलाई की रात रेलवे स्टेशन से मौदहापारा जाने एक ई-रिक्शा में सवार हुआ। ई-रिक्शा में पहले से एक अन्य युवक सवार था। ई-रिक्शा चालक ने अपनी गाड़ी में एक और युवक को बैठाया। इसके बाद ई-रिक्शा चालक एक्सप्रेस वे के रास्ते दूसरी सवारी को सिटी सेंटर माल के पास उतारने के बाद उसे पुराना मारुति शोरूम के पीछे नर्सरी के पास ले गया। इसके बाद ई-रिक्शा की रफ्तार धीमी कर दी। इसी दौरान बगल में बैठे युवक ने उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया।

## 1 जून से अब तक 307.2 मिमी औसत बारिश दर्ज

# छत्तीसगढ़ में मानसून की चौतरफा दस्तक बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसूनी बादलों के साथ ही प्रदेशभर में खेती-किसानी की गतिविधियों में तेजी आ गई है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 1 जून से अब तक पूरे प्रदेश में औसतन 307.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले 10 वर्षों के आज तक के रिकॉर्ड (375.4 मिमी) का 81.8 प्रतिशत है। शनिवार को राज्य में औसतन 17.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है।इस सीजन में बिलासपुर संभाग के जिलों में मानसूनी बादल सबसे ज्यादा मेहरबान रहे हैं। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला पूरे प्रदेश में शीर्ष पर है, जहां अब तक 525.4 मिमी बारिश हो चुकी है, जो इसकी औसत का 178.7 प्रतिशत है। जांजगीर-चांपा में 441.5 मिमी और बिलासपुर जिला 383.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जहां आज सर्वाधिक 58.6 मिमी पानी बरसा। वहीं मुंगेली में 365.4 मिमी, सक्ती में 360.0 मिमी, कोरबा में 343.6 मिमी और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 299.4 मिमी बारिश हो चुकी है, जहां आज 57.4 मिमी की तेज बौछारें पड़ीं। रायगढ़ में अब तक 283.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### सरगुजा संभाग में बलरामपुर अव्वल

उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में भी बारिश की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। यहाँ बलरामपुर जिले में औसत से 148 प्रतिशत अधिक यानी 337.5 मिमी बारिश हो चुकी है। साथ ही कोरिया में 267.9 मिमी, जशपुर में 267.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 266.8 मिमी और सूरजपुर में 252.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि, सरगुजा जिले में अब तक केवल 161.0 मिमी बारिश हुई है, जो औसत का 61.4 प्रतिशत ही है।



### रायपुर और दुर्ग संभाग में सामान्य

मध्य छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग संभागों में भी बादल झूमकर बरस रहे हैं। रायपुर संभाग के महासमुंद में 397.5 मिमी, बलौदाबाजार में 390.3 मिमी आज यहां 39.3 मिमी बारिश हुई है, गरियाबंद में 370.6 मिमी और राजधानी रायपुर में 367.8 मिमी आज यहां 12.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं धमतरी में अब तक 278.8 मिमी, दुर्ग संभाग की स्थिति देखें तो दुर्ग में 331.5 मिमी, बालोद में 326.3 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 243.0 मिमी, बेमेतरा में 222.0 मिमी और कबीरधाम में 209.2 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। हालांकि, राजनंदगांव में अब तक 142.9 मिमी ही पानी गिरा है।

### बस्तर संभाग : दंतेवाड़ा-नारायणपुर में राहत

दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में बारिश का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। दंतेवाड़ा जिला 405.5 मिमी बारिश के साथ संभाग में सबसे आगे है। इसके बाद नारायणपुर में 354.0 मिमी और बीजापुर में 311.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके उलट बस्तर जिले में 292.7 मिमी, कोण्डागांव में 254.0 मिमी, सुकमा में 249.5 मिमी और कांकेर में 239.7 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है।

## खबर संक्षेप



### अरंड में निकाली गई रथयात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में गत दिनों भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथ पर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भैया बलभद्र सवार थे। हर साल की भांति इस इस साल भी रथयात्रा निकली गई। जिसमें ग्राम अरंड के महाराज खूबचंद दुबे, ग्राम के सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतूक पटेल, दिनेश दुबे, गंगाधर निर्मलकर, दीनबंधु पटेल, रोहित पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, हेम सिंह साहू, कविता पटेल, लीला बाई पटेल, विधि, डिंपल आदि मौजूद रहे। यह जानकारी शोभाराम ध्रुव ने दी।

### मानिकपुरी पनिका समाज ब्लॉक इकाई बसना का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आज



**बसना।** पूज्य मानिकपुरी पनिका समाज ब्लॉक इकाई बसना के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह का आयोजन 20 जुलाई को डॉ संपत अग्रवाल विधायक बसना के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय मानिकपुरी पनिका समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ देवधर महंत, विशिष्ट अतिथि डॉ खूशबू अग्रवाल, शीत गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत बसना एवं विभिन्न समाज के अध्यक्ष होंगे। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का सम्मान एवं पनका समाज के विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के अलावा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी देशराज ने दी।

# नगर पालिका भवन अनुज्ञा प्रकरण पर नपाध्यक्ष निखिल ने लिया संज्ञान, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर क्षेत्र में भवन अनुज्ञा से संबंधित प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर की सभी कॉलोनियों में पूर्व में जारी भवन अनुज्ञाओं एवं विकास शुल्क निर्धारण संबंधी प्रकरणों का छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961, छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) के प्रावधानों तथा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 से जुड़े राजस्व अभिलेखों के अनुरूप परीक्षण कराया जाए।

अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि केवल किसी एक कॉलोनी तक जांच सीमित न रखी जाए, बल्कि वर्ष 2022 में पीआईसी के निर्णयों के आधार पर जिन-जिन कॉलोनियों में भवन अनुज्ञाएं जारी की गई हैं, उन सभी प्रकरणों की वैधता का परीक्षण किया जाए। परीक्षण के दौरान यदि किसी प्रकरण में परिषद के अनुमोदन, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की स्वीकृति, अथवा राजस्व अभिलेखों के सत्यापन जैसी वैधानिक औपचारिकताओं की आवश्यकता पाई जाती है, तो उसे शासन के निर्देशानुसार परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से परेशान करना नहीं है, बल्कि भवन अनुज्ञा की पूरी प्रक्रिया को नगर पालिका अधिनियम, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग नियमों तथा राजस्व विभाग के नियमों के अनुरूप विधिसम्मत, पारदर्शी एवं सुनिश्चित करना होना है। इसलिए जांच पूर्ण होने के उपरांत पात्र प्रकरणों में नियमानुसार आवश्यक शर्तों के साथ भवन अनुज्ञा जारी करने की कार्रवाई की जाएगी।



पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नगर पालिका में सभी कॉलोनियों एवं आवेदकों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा तथा किसी भी प्रकरण में शासन के नियमों से हटकर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। यदि पूर्व में लिए गए किसी निर्णय की वैधता पर प्रश्न उठे हैं, तो उससे संबंधित सभी प्रकरणों का संबंधित अधिनियमों-नियमों के प्रावधानों के अनुसार निष्पक्ष परीक्षण कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### कॉलोनियों में 40 रुपए प्रति वर्गफुट की दर से विकास शुल्क निर्धारित

गौरतलब है कि पूर्व में आयोजित पीआईसी की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर कौशिक कॉलोनी के साथ-साथ नगर की अन्य कॉलोनियों में भी 40 रुपए प्रति वर्गफुट की दर से विकास शुल्क निर्धारित कर भवन अनुज्ञा जारी की जा रही थी। कौशिक कॉलोनी के संबंध में उक्त दर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टी एंड सी) से अनुमोदित होकर प्राप्त हुई थी। इसके पश्चात पीआईसी द्वारा लिए गए निर्णय में नगर की ऐसी अन्य कॉलोनियों को भी शामिल कर लिया गया, जिनकी वैधानिक स्थिति एवं विकास शुल्क निर्धारण के संबंध में विभिन्न स्तरों पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। इसी आधार पर उन कॉलोनियों में भी भवन अनुज्ञा जारी किए जाने की प्रक्रिया अपनाई गई।

वर्तमान में पीआईसी की उक्त बैठक एवं उसमें लिए गए निर्णयों की वैधता को लेकर प्रश्न उठने के बाद संबंधित कॉलोनियों में शासन के नियमों के अनुरूप भवन अनुज्ञा जारी किए जाने की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। इसलिए यह निर्णय लिया जाना आवश्यक है कि सभी संबंधित प्रकरणों का नगर पालिका अधिनियम, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम एवं राजस्व अभिलेखों के आधार पर विधिसम्मत परीक्षण कराया जाए तथा शासन के निर्देशों एवं प्रचलित नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि पीआईसी की उक्त बैठक में इस विषय पर निर्णय लेने वाले सदस्यों में से कुछ वर्तमान जनप्रतिनिधियों द्वारा भी अब उस निर्णय की वैधता पर प्रश्न उठाए जा रहे हैं। 2022 में उक्त निर्णय पीआईसी की बैठक में लिया गया था, तब भाजपा के अध्यक्ष थे और तब के सभापति वर्तमान पालिका में पद पर हैं, उक्त विषय पर व्यक्तिगत हितार्थ राजनीति करने से बचते हुए जनहित को लेकर सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष का मानना है कि समस्त प्रकरण का निष्पक्ष एवं विधिसम्मत परीक्षण कराते हुए आवश्यकता होने पर परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाए, ताकि भविष्य में जारी होने वाली भवन अनुज्ञाएं पूर्णतः वैधानिक एवं शासन के नियमों के अनुरूप हों।



### निगम अध्यक्ष ने किया अटल लैब का निरीक्षण

**महासमुंद।** जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज में संचालित अटल आरोग्य लैब का निरीक्षण छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने किया। इस दौरान लैब इंचार्ज भागवत चंद्राकर से रक्त परीक्षण मशीनों की जानकारी ली गई, जिसमें बताया गया कि अटल आरोग्य लैब में आधुनिक एवं अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से मरीजों के लिए 134 प्रकार की पैथोलॉजी जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लैब में सीबीसी, बायोकेमिस्ट्री, इम्यूनोएसे, एचबीए 1 सी, इलेक्ट्रोलाइट्स, कोएगुलेशन, ईएसआर, यूरिन एनालाइजर और यूरिन माइक्रोस्कोपिक सहित विभिन्न प्रकार की जांचें उच्च गुणवत्ता के साथ की जा रही हैं। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस लैब में जांच प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है। जांच पूर्ण होने के बाद मरीजों की रिपोर्ट सीधे उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही मरीज अपनी जांच रिपोर्ट व्हाट्सएप के माध्यम से भी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें रिपोर्ट लेने के लिए बार-बार अस्पताल आने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह सुविधा समय की बचत करने के साथ-साथ मरीजों को त्वरित एवं सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। अटल आरोग्य लैब जिला समन्वयक भोगदत्त वर्मा ने बताया कि इन आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को कम समय में सटीक, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो रही है, जिससे चिकित्सकों को समय पर उचित उपचार शुरू करने में सहायता मिल रही है। अटल आरोग्य लैब की यह पहल जिले के नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चंद्राकर ने अस्पताल अधीक्षक डॉ बसंत माहेश्वरी से भेंटकर सभी मरीजों का गुणवत्तापूर्ण इलाज हो इस पर चर्चा किए। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, निगम अध्यक्ष प्रतिनिधि नंदू जलक्षत्री, डॉ सोनल चंद्राकर सहित लैब प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# 10 दिवसीय शिविर, फायरिंग कंपीटिशन में लेफ्टिनेंट प्रदीप रहे बेस्ट फायरर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट कर्नल एस वेलमुरूगन और एडम अधिकारी कर्नल सुभाष महतो के निर्देशन में लखौली में आयोजित 10 दिवसीय शिविर में एआईआईएमएस रायपुर की डॉक्टर अंजलि पॉल ने कैडेट्स को फिजिकल और मेंटल हेल्थ संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे शरीर एवं मन को स्वस्थ रखा जा सकता है, उन्होंने कैडेट्स को अनुलोम-विलोम और लाफिंग बुद्धा आदि योग प्राणायाम कर बताया। साथ ही स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त नींद लेना कितना आवश्यक है, इस पर उन्होंने जोर दिया।

अगले सेशन में कोसा रायपुर के एआरओ कर्नल काले ने अग्निवीर भर्ती नियम व प्रक्रिया को कैडेट्स को विस्तार से समझाया। तत्पश्चात विक्रम हिषीकर ने नेत्र दान से किसी के जीवन में उजाला किया जा सकता है इन बातों के साथ कैडेट्स को संबोधित किया। मनुष्य जीवन में आंखों का क्या महत्व है और कैसे हम अपने चले जाने के बाद आंखों को दान कर किसी और को अपनी आंखों से देखने का अवसर प्रदान कर सकते हैं पर कैडेट्स को विशेष व्याख्यान दिया। चार्ली कंपनी के कैडेट्स ने फायरिंग की। साथ ही फायरिंग कंपीटिशन भी आयोजित की गई थी। तीनों कंपनी के बेस्ट फ़ायरर के बीच प्रतियोगिता हुई। जिसमें चार्ली कंपनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैडेट्स के साथ साथ एनसीसी अधिकारियों के मध्य भी प्रतियोगिता कराई गई। जिनमें लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर बेस्ट फ़ायरर रहे। अगले सेशन में क्विज कंपीटिशन रखा गया था। जिसमें चार्ली विनर तथा ब्रावो कंपनी रनरअप रही। वॉलीबॉल फाइनल में गर्ल्स कैटेगरी में चार्ली विनर और ब्रावो रनरअप रही। बॉयज कैटेगरी में अल्फा कंपनी ने बाजी मारी। जबकि ब्रावो कंपनी रनरअप रही। रस्साकसी प्रतियोगिता में गर्ल्स कैटेगरी में चार्ली कंपनी विजेता रही तथा ब्रावो कंपनी रनरअप रही। बॉयज कैटेगरी में ब्रावो विजेता और अल्फा रनरअप रही। इस शिविर में लगभग 600 कैडेट्स प्रशिक्षण ले रहे हैं तथा प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एनसीसी अधिकारी उपस्थित हैं। जिनमें कैंप एजुटेंट लेफ्टिनेंट डॉ. रवि बंजारे, लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम, लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, सेकंड ऑफिसर रीता शुक्ला, सेकंड ऑफिसर मंजूनाथ, सेकंड ऑफिसर हर्ष, सेकंड ऑफिसर कमलेश चंद्राकर, सेकंड ऑफिसर बीरेंद्र पटेल, सेकंड ऑफिसर वासुदेव शर्मा, सीटीओ दमयंती साव, कैडेट्स के विशेष प्रशिक्षण के लिए आर्मी स्टाफ से प्रभारी प्रशिक्षण अधिकारी सूबेदार रवि कुमार, सूबेदार जगतार सिंग, सूबेदार बट्टू सिंग, नायाब सूबेदार मुकेश सिंह,हवलदार दलजीत सिंग, हवलदार सुकेंद्र, हवलदार गजेंद्र, हवलदार परमिंदर सिंग, हवलदार आत्मा सिंह, हवलदार जगसीर सिंग आदि लगातार कैडेट्स को 10 दिवस तक प्रशिक्षित करेंगे।

# 5 नए मेडिकल कॉलेजों की मंजूरी स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्यायः देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मेडिकल कॉलेजों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ करने की स्वीकृति

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ को 5 नए शासकीय मेडिकल कॉलेजों की मंजूरी दिए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। चंद्राकर ने कहा कि एनएमसी ने गीदम (दंतेवाड़ा), कुनकुरी (जशपुर), मनेंद्रगढ़, जांजगीर-चांपा और कबीरधाम जिलों में 50-50 एमबीबीएस सीटों वाले 5 नए शासकीय मेडिकल कॉलेजों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की है। इससे प्रदेश में एक साथ 250 नई एमबीबीएस सीटें बढ़ेंगी। यह निर्णय न केवल चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि दूरस्थ और पिछड़े अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में भी एक क्रांतिकारी कदम है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने साबित कर दिया है कि शिक्षा ही किसी भी राज्य के विकास की नींव है। नए मेडिकल कॉलेजों से हजारों युवाओं को अपने गृह जिले में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा मिलेगी। साथ ही इन जिलों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार आएगा। चंद्राकर ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में चहुंओर विकास हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण और अब स्वास्थ्य-शिक्षा के क्षेत्र में जो काम हो रहे हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए आधारशिला साबित होंगे। भाजपा किसान मोर्चा इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करता है। हमें पूर्ण विश्वास है कि विष्णु देव सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में देश का आदर्श राज्य बनेगा।

# शहर के युवा नेता मिलिंद को मिली भाजयुमो रायपुर में अहम जिम्मेदारी

**महासमुंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश विधि एवं तकनीकी सह प्रमुख मिलिंद चंद्राकर को संगठन ने एक और महत्वपूर्ण दायित्व सौंपते हुए संगठनात्मक जिला रायपुर शहर का सह प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर मिलिंद ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय एवं भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए इस महत्वपूर्ण दायित्व का वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। जिले के युवा नेतृत्व मिलिंद चंद्राकर ने कम समय में संगठन, शिक्षा, सामाजिक सेवा और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्हें पूर्व में प्राइड ऑफ महासमुंद सम्मान से नवाजा जा चुका है। साथ ही उन्हें अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुरस्कार द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। महासमुंद से प्रदेश स्तर तक सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा के विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। पार्टी संगठन उन्हें महासमुंद के ऐसे ऊर्जावान युवा नेतृत्व के रूप में देख रहा है, जो संगठन की विचारधारा को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा तकनीकी एवं संगठनात्मक कार्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रायपुर शहर जैसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिले का सह प्रभारी बनाया जाना भी उनके प्रति पार्टी नेतृत्व के विश्वास और उनकी कार्यक्षमता का परिचायक माना जा रहा है।



# शाला त्यागी बालिकाओं को बैग, कॉपी एवं पेन का वितरण कर किया गया प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित महिला सशक्तीकरण केंद्र (हब) महासमुंद द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में शाला त्यागी बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैग, कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, नियमित विद्यालय आने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। महिला सशक्तीकरण केंद्र की टीम ने कहा कि प्रत्येक बालिका को शिक्षा का अधिकार है और शिक्षा ही उनके आत्मनिर्भर एवं सशक्त जीवन की आधारशिला है। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं ने शैक्षणिक सामग्री प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा अपनी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रखने का संकल्प लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि शाला त्यागी बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोड़ने के लिए विभाग लगातार जागरूकता एवं सहयोगात्मक गतिविधियाँ संचालित कर रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, महिला सशक्तिकरण केंद्र की टीम तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्राम प्रमुख सरपंच एवं स्कूल समिति के अध्यक्ष सदस्य एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।



### वर्षों पुरानी मांग पूरी, वार्ड 14 एवं 15 में शासकीय उचित मूल्य दुकान शुरू

**बसना।** नगर पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 15 के रहवासियों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई। वार्ड की पार्षद अमरीन इल्लू एवं इरफान गिगानी के लगातार प्रयासों और जनहित में किए गए लंबे संघर्ष के बाद वार्ड में शासकीय उचित मूल्य (राशन) दुकान का संचालन शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि वार्डवासियों को पहले राशन लेने के लिए दूसरे वार्डों में जाना पड़ता था, जिससे विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को काफी परेशानी होती थी। नई राशन दुकान खुलने से अब स्थानीय लोगों को अपने ही वार्ड में खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। पार्षद अमरीन इल्लू ने कहा कि वार्ड की जनता की सुविधा उनकी प्राथमिकता रही है। लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा कराने के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष लगातार प्रयास किए गए, जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप अब वार्ड में शासकीय उचित मूल्य दुकान शुरू हो गई है। वार्डवासियों ने इस जनहितकारी पहल पर खुशी व्यक्त करते हुए पार्षद के प्रयासों की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



**खबर संक्षेप**



### पालिकाध्यक्ष के निर्देश पर फिल्टर प्लांट के उपकरणों के सुधार कार्य प्रारंभ

**महासमुंद।** नगर पालिका के बेलसोडा स्थित फिल्टर प्लांट में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आवश्यक उपकरणों के सुधार एवं मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के हालिया निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन में शुरू किया गया है। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए पाया था कि कुछ उपकरणों के रखरखाव एवं सुधार की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने तत्काल जल प्रभारी को आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए थे, ताकि नागरिकों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। फिल्टर प्लांट के उपकरणों का समय-समय पर रखरखाव एवं आवश्यक सुधार कार्य किए जाने से जलापूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी तथा भविष्य में तकनीकी बाधाओं की संभावना भी कम होगी। इस संबंध में जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार ने बताया कि सुधार कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा तथा कार्य की नियमित निगरानी भी की जाएगी।

### विशेष लोक अदालत में सवा 17 लाख रुपए का हुआ अवॉर्ड पारित

**सरायपाली।** न्यायालय भवन में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 7 प्रकरणों में लगभग सवा 17 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित हुए। उक्त प्रकरण विगत 5 वर्षों से विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन थे। जिन्हें आपस में सुलझा लिए जाने पश्चात दोनों पक्षों में खुशी व संतुष्टि नजर आई। इस संबंध में जिला एवं अतिरिक्त न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को न्यायालय भवन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत की उक्त 03 खंडपीठों में बैंक रिकवरी प्रकरण, बकाया की वसूली संबंधी मामले से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 के अधीन परिवाद पर उक्त खंडपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए सरायपाली न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 02 वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में धारा 138 के 04 प्रकरण में 11,08,410 रुपए 5 वर्षों से चल रहे प्रकरण का विशेष लोक अदालत के माध्यम से हुआ निराकरण। खंडपीठ क्रमांक 03 प्रगति गुर्दे न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में धारा 138 के 03 प्रकरण में 6,17,000 रुपए के राशि साथ निराकरण किया गया।

**आयोजन :** बसना में कारगिल विजय दिवस की तैयारियां तेज

# विधायक ने शहीद स्मारक परिसर में स्थापित कराया तोप का प्रतिरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक कारगिल विजय दिवस आगामी 26 जुलाई को पूरे देश में गौरवपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इसी कड़ी में महासमुंद जिले के बसना में भी कारगिल विजय दिवस को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो चुकी हैं। इस वर्ष का कारगिल दिवस बसनावासियों के लिए बेहद खास होने जा रहा है, क्योंकि इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के नवनिर्मित शहीद स्मारक का भव्य लोकार्पण किया जाएगा।

तैयारियों की जानकारी देते हुए बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने बताया कि आगामी 26 जुलाई को होने वाले शहीद स्मारक के लोकार्पण कार्यक्रम के निमित्त नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता द्वारा एक सराहनीय और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत पहल की गई है। शीत गुप्ता ने भारतीय सशस्त्र बल की वीरता और अदम्य साहस के प्रतीक स्वरूप लकड़ी एवं लोहे से निर्मित एक बेहद खूबसूरत और भव्य तोप का प्रतिरूप (मॉडल) विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को समर्पित किया।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की उपस्थिति में इस भव्य तोप के प्रतिरूप को आज विधि-विधान से शहीद स्मारक परिसर में स्थापित कर दिया गया है। इस दौरान विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह स्मारक और यहां स्थापित की गई तोप की प्रतिकृति मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे वीर शहीदों के प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता और सच्ची श्रद्धांजलि है। यह परिसर न केवल हमारे वीर जवानों के त्याग को याद दिलाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भीतर राष्ट्रभक्ति और देश सेवा की अलख जगाने का एक सशक्त प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। कारगिल विजय दिवस के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि 26 जुलाई का यह विशेष दिन वर्ष 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ लड़े गए कारगिल युद्ध (ऑपरेशन विजय) में भारतीय सेना की ऐतिहासिक और जबरदस्त जीत की याद में मनाया जाता है। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हमारे जांबाज सैनिकों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए दुश्मनों को खदेड़ा था। यह दिन उन्हीं वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान, शौर्य और तिरंगे के सम्मान को याद करने का दिन है। शहीद स्मारक के इस लोकार्पण समारोह को लेकर पूरे बसना क्षेत्र के नागरिकों और युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए लगातार जुटे हुए हैं।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ एनके अग्रवाल, पूर्व महासमुंद जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुमित अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, नगर पंचायत बसना विधायक प्रतिनिधि निर्मलदास, जनपद पंचायत बसना उपाध्यक्ष मोहित पटेल, भाजपा मंडल बसना कोषाध्यक्ष अमृत चौधरी, पार्षदगण, पूर्व सैनिकगण, भाजपा पदाधिकारियों सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।



**विधायक बोले-आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देगा नया शहीद स्मारक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता द्वारा तैयार वीरता के इस प्रतीक को विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने दी शहीद स्मारक में जगह, 26 को होगा लोकार्पण**

# श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिला पाने में साय सरकार पूरी तरह असफल : विनोद

## सरकार का प्रशासन पर अंकुश नहीं, प्रशासनिक तंत्र बेलगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने श्रम विभाग की निष्क्रिय प्रणाली को श्रमिक के साथ अन्याय करार देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले में श्रम विभाग की कार्यप्रणाली पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और सरकार का प्रशासनिक तंत्र आम श्रमिकों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह असफल साबित हुआ है। आज श्रमिक वर्ग अपने आप को सबसे ज्यादा ठगा हुआ और परेशान महसूस कर रहा है। एक ओर सरकार बड़ी–बड़ी घोषणाएं कर रही है, दूसरी ओर धरातल पर योजनाओं का क्रियान्वयन नदारद है।



उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा वर्तमान में नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, नोनी सशक्तिकरण योजना, सियान सहायता योजना, दिव्यांग एवं श्रमिक मृत्यु सहायता योजना, पेंशन योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, दीदी ई रिक्शा सहायता योजना और दीर्घायु स्वास्थ्य योजना जैसी योजनाएं संचालित होने का दावा किया जा रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के पिछले साल भरे गए आवेदनों की राशि आज तक हितग्राहियों को नहीं मिली है। नोनी सशक्तीकरण योजना के तहत महासमुंद जिले में निराकरण की गति अन्य जिलों की तुलना में बेहद धीमी है। सायकल सहायता योजना, श्रमिक औजार योजना, सुरक्षा उपकरण सहायता योजना और सिलाई मशीन सहायता योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को तो पूरी तरह बंद कर दिया गया है। सबसे शर्मनाक स्थिति ई-केवायसी और नवीनीकरण के नाम पर बनाई गई है। श्रमिकों को मजबूर किया जा रहा है कि वे च्वाइस सेंटर जाकर आधार देकर ई-केवायसी कराएं। इसमें गरीब मजदूर का समय भी बर्बाद हो रहा है और अतिरिक्त पैसा भी खर्च हो रहा है। नवीनीकरण के नाम पर महीनों से सर्वर की समस्या बताकर फाइलों को लटकाया जा रहा है। नए मजदूर पंजीयन कार्ड के आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन उनका अप्रूवल देना बंद कर दिया गया है। श्रमिक कार्ड में संशोधन के लिए भी लोग महीनों से चक्कर काट रहे हैं।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 15 दिन में निराकरण अनिवार्य है, लेकिन इस कानून की भी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। राशि डालने में भारी अनियमितता की जा रही है। बिना दलाल के कोई काम नहीं हो रहा है। दलालों के माध्यम से फाइलें तुरंत पास हो जा रही हैं और आम जनता श्रमिक कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर है। यह स्थिति सीधे तौर पर सरकार की नाकामी और श्रम विभाग की मनमानी को दर्शाती है। चंद्राकर ने मांग की है कि लंबित आवेदनों का तत्काल भुगतान किया जाए, नवीनीकरण और नए पंजीयन तुरंत शुरू किए जाएं, ई-केवायसी की प्रक्रिया को सरल बनाकर घर बैठे सुविधा दी जाए और दलालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# जिला पंचायत की नवनियुक्त सीईओ से जनपद उपाध्यक्ष ने की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महिला सशक्तिकरण, स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन तथा आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने जिला पंचायत की नवनियुक्त सीईओ अनुपमा आनंद से सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर दोनों के बीच जिले में पंचायतों के समग्र विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पंचायत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोन्मुखी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), महिला सशक्तिकरण, स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन तथा आजीविका संवर्धन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



# वार्ड क्रमांक 12 की नाली निकासी समस्या का सीएमओ ने किया निरीक्षण, बिना अनुमति निर्माण पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 12 (पिटियाझर) में नाली निकासी की समस्या का मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद व स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने वार्ड में बिना अनुमति के भवन बनाए जा रहे मकानों के संबंध में वार्ड प्रभारी से जानकारी ली। वार्ड प्रभारी द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दिए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति किए जा रहे किसी भी निर्माण की तत्काल जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सीएमओ ने संबंधित प्रभारियों को निर्देशित किया कि नाली की सफाई कर अवरोधों को हटाने की कार्रवाई करें। ताकि, वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने कहा कि भवन निर्माण अनुमति संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ भवन निर्माण संबंधी नियमों के पालन को लेकर भी गंभीर है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरतने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी तथा आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, भारती चंद्राकर, पूर्व पार्षद राजेंद्र चंद्राकर, एसबीएम प्रभारी नौशाद बक्श एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# बसना नपं में शपथ ग्रहण समारोह: तीन मनोनीत एल्डरमैनों ने ली पद की शपथ

## विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा: निष्ठा और पारदर्शिता से करें जनसेवा, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

स्थानीय मंगल भवन में बसना नगर पंचायत के नव-मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. संपत अग्रवाल और नागरिकों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। पश्चात शासन के नियमानुसार मनोनीत तीनों एल्डरमैन जितेंद्र कश्यप, विकास राजेश वाधवा एवं मुरारी अग्रवाल को उनके नवीन पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण के उपरांत मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैन का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और मुंह मीठा कराकर उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए अपनी शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आज बसना नगर पंचायत के मनोनीत एल्डरमैन के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं सभी नवनियुक्त साथियों को उनके नवीन दायित्व के लिए बधाई देता हूं और एक सफल व जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि हमारे मुख्यमंत्री के विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प की असली आधारशिला हमारे सशक्त और आत्मनिर्भर नगरीय निकाय हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे ये तीनों नए एल्डरमैन जनसेवा, सुशासन और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे और बसना नगर की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विधायक ने आगे कहा कि आप सभी को संगठन और सरकार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह जनता की सेवा का एक सशक्त माध्यम है। आप सभी अपने कार्य को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। नगर के अंतिम व्यक्ति तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा मुख्य ध्येय होना चाहिए।

कार्यक्रम के पश्चात मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा से ही अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। बसना नगर पंचायत में इन तीनों अनुभवी और ऊर्जावान साथियों के एल्डरमैन बनने से नगरीय विकास कार्यों में और तेजी आएगी। हम सब मिलकर बसना को एक आदर्श और विकसित नगर पालिका/नगर पंचायत क्षेत्र बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं और आगे भी विकास का यह पहिया थमेगा नहीं। इस समारोह में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश अग्रवाल, जिला महामंत्री भाजपा जितेंद्र त्रिपाठी, जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ सुमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बसना मोहित पटेल, मंडल अध्यक्ष बसना नरेंद्र यादव, सभापति नगर पंचायत बसना मुजम्मिल कादरी, विधायक प्रतिनिधि निर्मल दास, पार्षद महेंद्र सिंह अरोरा पिंटू, पार्षद आशीष साहू, पार्षद राकेश डड़सेना, पार्षद खालिद दानी, पार्षद मनोज गहेरवाल, पार्षद शिव नायक, एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा, सीएमओ नगर पंचायत बसना सूरज सिदार, पत्रकार सेवक दास दिवान, आरके दास, सुखदेव दास वैष्णव, नगर पंचायत के पदाधिकारी, पार्षदगण, एल्डरमैन के परिजन, वरिष्ठ भाजपा नेता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# सीईओ योगेश्वरी को स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जनपद पंचायत पिथौरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश्वरी बर्मन का स्थानांतरण बिलाईगढ़ होने पर जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। जनपद सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, कवलजीत सिंह छाबड़ा, सरपंच संघ उपाध्यक्ष शशि कला पटेल एवं पवन कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ योगेश्वरी बर्मन ने पिथौरा जनपद में अपने कार्यकाल को स्वर्णिम एवं यादगार बताया। उन्होंने कहा कि पिथौरा जनपद में जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल है, जो क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी वर्गों का सकारात्मक सहयोग मिला, जिसके चलते विभिन्न शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन में अपेक्षातीत सफलता मिली। उन्होंने कहा कि कार्यकाल भले ही अल्प रहा, लेकिन अनुभव के लिहाज से यह अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। पिथौरा की स्मृतियां उन्हें आजीवन याद रहेंगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्यों, सरपंचों एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने कहा कि सीईओ के रूप में बर्मन ने जनपद के विकास एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिस मेहनत और रणनीति के साथ कार्य किया, वह अनुकरणीय है। उनकी कर्मठता और सजगता से जनपद पंचायत पिथौरा में प्रशासनिक कसावट आई। उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि लगभग सात माह के अल्प कार्यकाल में बर्मन ने अपनी कार्यशैली से लोकप्रियता हासिल की। सरकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान की।

सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा ने भी बर्मन के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सरपंचों को उनका सकारात्मक मार्गदर्शन एवं प्रशासनिक सहयोग निरंतर मिलता रहा। समारोह में जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृत लहरे, कवलजीत सिंह छाबड़ा, सरपंच पवन साहू, एडिशनल सीईओ डीएल बरिहा, सचिव संघ के संरक्षक पुनीत सिन्हा एवं कृष्ण कुमार चौहान ने भी बर्मन के कार्यकाल को अविस्मरणीय बताते हुए उनके कार्यकौशल की सराहना की। स्वागत भाषण डीएल बरिहा ने दिया, जबकि आभार प्रदर्शन सुशील कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर दिनेश दीक्षित, गुलाब श्यामल, सुभाष प्रधान, लोकेश नवरंगे, यशवंत ध्रुव, राजकुमार दीवान, पुनीत सिन्हा, विनय गार्डिया, कृष्ण कुमार चौहान, चित्रसेन बारीक, लेखराम जगत, सूर्यदेव तिवारी एवं सुखसागर जगत सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

